संख्या-293/2018/4030/71-1-2018-ग-76/2017टी0सी0।।

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनाँक 30 नवम्बर, 2018

विषय:- बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर में स्थापित 500 बेडेड बाल रोग चिकित्सालय के संचालनार्थ नर्सिंग संवर्ग के पदों का सृजन किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एम0ई0-1/2018/3186, दिनॉक 05.09.2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर में स्थापित 500 बेडेड बाल रोग चिकित्सालय के संचालनार्थ एम0सी0आई0 मानकों के अनुसार नर्सिंग संवर्ग के 330 पदों का सृजन निम्नलिखित तालिका में उल्लिखित उनके सम्मुख अंकित नियमित वेतनमान में सृजित करते हुए दिनॉक 28.02.2019 तक, बशर्ते कि इसे बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त न कर दिया जाय, चलते रहने की स्वीकृति राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते हैं:-

क्र0	पदनाम	सृजित पदों की संख्या	वेतन मैक्ट्रिस/लेवल
1	स्टाफ नर्स	300	लेवल-7, रू0 44,900/-
2	सिस्टर	30	लेवल-8, रू0 47,600/-
	योग-	330	

2- सृजित किये जा रहे नियमित पद के पदधारकों को शासन द्वारा समय-समय पर अनुमन्य महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते आदि नियमानुसार देय होंगे।

3- उक्त के अतिरिक्त अन्य पदों पर नियुक्ति विभागीय नियमावली एवं समय-समय पर जारी शासनादेशों/नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए की जाएगी।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय अनुदान संख्या-31 के अधीन लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-05-चिकित्सा शिक्षा- प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा-0343-राजकीय मेडिकल कालेज, गोरखपुर" के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-2346/दस-2018, दिनॉक 28 नवम्बर, 2018 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय

(मुकेश कुमार मेश्राम)
सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:-293/2018/4030(1)/71-1-2018 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3- प्रधानाचार्य, बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर।
4- कोषाधिकारी, गोरखपुर।
5- वित्त नियंत्रक, बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर।
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
8- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1/2
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(अनिल कुमार)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।